## महत्वपूर्ण एवं खास

### सहायक परियोजना अधिकारी एवं समावेशी शिक्षा समन्वयक के रिक्त पदों के लिए 5 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़ ।** जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा, रायगढ़ में सहायक परियोजना अधिकारी के 2 पद रिक्त है, जिसे प्रतिनियुक्ति से भरा जाना है। इस हेतु इच्छुक व्याख्याता/प्रधान पाठक (माध्यमिक शाला)संवर्ग के शिक्षक जिन्हें कम्प्यूटर का ज्ञान हो एवं व्यापक भ्रमण करने की क्षमता हो। इसी तरह समावेशी शिक्षा समन्वयक के 01 पद रिक्त है, जिसे प्रतिनियुक्ति से भरा जाना है। इस हेतु इच्छुक व्याख्याता/प्रधान (माध्यमिक शाला)संवर्ग के शिक्षक, जो समावेशी शिक्षा से संबंधित 10 दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त किया हो। इच्छुक आवेदक रिक्त पदों के लिए 5 फरवरी 2022 को सायं 5 बजे तक जिला परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा जिला-रायगढ़ में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

### मौसम अलर्ट : दो दिन तक रहेगा कोल्ड डे, बलरामपुर में पारा लुढ़ककर 4.1 डिग्री पहुंचा

**रायपुर (आरएनएस)।** मौसम विभाग ने दो दिनों तक प्रदेश में कोल्ड-डे यानी शीतलहर चलने का अलर्ट जारी किया है। राजधानी समेत प्रदेश में रात के तापमान में पांच से छह डिग्री तक गिरावट आई है। गुरुवार को प्रदेश में सबसे कम तापमान बलरामपुर मे 4.1 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग की माने तो उत्तर से आ रही ठंडी हवाओं की वजह से प्रदेश में कड़ाके की ठंड लौट आई है। कई स्थानों पर रात का तापमान सामान्य से 6 डिग्री तक नीचे गिर गया है। अगले 48 घंटे के लिए सरगुजा, बिलासपुर और दुर्ग संभाग के कुछ जिलों में शीतलहर चलने की आशंका है।

### हथियारबंद नक्सलियों ने मुखबिरी के शक में ग्रामीण को उतारा मौत के घाट

**सुकमा/रायपुर (आरएनएस)।** जिले के कोंटा थाना क्षेत्र में नक्सलियों ने एक युवक की निर्मम हत्या कर शव को बीच सड़क पर फेंक दिया है। दरअसल देर शाम कोंटा थाना क्षेत्र के बटेर गांव निवासी मांडवी देवा अपने गांव बटेर से कोंटा जाने के लिए निकला था। इसी बीच 20 से 25 की संख्या में हथियारबंद नक्सलियों ने युवक को रोका और बीच रास्ते में ही उसकी निर्मम हत्या कर दी।

### ठेकेदार ने श्रमिक की जमकर पिटाई, अस्पताल में मौत

**जांजगीर चांपा/रायपुर (आरएनएस)।** जिले के कुदरी गांव से रोजी-रोटी के लिए उत्तरप्रदेश गए मजदूर की ठेकेदार ने इतनी पिटाई कर दी कि उसकी इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। मजदूर राजगीर सोनझरी की मौत के बाद ठेकेदार प्रवीण त्रिपाठी ने मृतक के परिजनों को धमका कर रिपोर्ट दर्ज कराए बिना ही गांव भेज दिया। शव के साथ गांव पहुंचे परिजनों को देखकर ग्रामीणों ने मामले की जानकारी ली और शव लेकर कोतवाली थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया।

# प्रदेश में सबसे अधिक स्वावलंबी गौठान रायगढ़ जिले से : जिले के 279 गौठान हुए स्वावलंबी



**रायगढ़ ।** छत्तीसगढ़ सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं में से महत्वपूर्ण सुराजी गांव योजना के गरूवा घटक के तहत अब तक राज्य में निर्मित एवं सक्रिय रूप से संचालित 7933 गौठानों में से 2201 गौठान स्वावलंबी हो गए हैं। स्वावलंबी गौठान गोबर खरीदी से लेकर वर्मी कम्पोस्ट के निर्माण के लिए स्वयं के पास उपलब्ध राशि का उपयोग करने लगे हैं। रायगढ़ जिले में सर्वाधिक 279 गौठान स्वावलंबी हुए है। दूसरे नंबर महासमुन्द एवं कोरबा जिले में 170-170 गौठान स्वावलंबी हुए है।

गौरतलब है कि राज्य में पशुधन के संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा अब तक 10591 गांवों में गौठान के निर्माण की स्वीकृति दी जा चुकी है। जिसमें से 7933 गौठानों का निर्माण पूरा हो चुका है और वहां पर गोबर खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट के निर्माण सहित अन्य आयमूलक गतिविधियां संचालित हो रही है। वर्तमान में 2300 गौठानों का तेजी से निर्माण कराया जा रहा है शेष 358 गौठानों के निर्माण का कार्य अभी शुरू कराया जाना है। गौठानों में पशुधन के देखरेख, चारे-पानी एवं उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

नियमित समीक्षा व मॉनिटरिंग से स्वावलंबन की ओर बढ़ते जिले के गौठान

कलेक्टर भीम सिंह ने गौठान संचालन तथा वहां योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नियमित रूप से विकासखण्डवार कार्यों की समीक्षा की। जिसके आधार पर गौठान संचालन के लिए आवश्यक सभी संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। गौठान में संलग्न कर्मचारियों के कामकाज की मॉनिटरिंग के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए। जिनके फीडबैक के आधार पर काम में कसावट लायी गई। गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी व वर्मी कम्पोस्ट निर्माण व उसके विक्रय की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई। इन सामूहिक गतिविधियों का परिणाम रहा कि रायगढ़ जिले में प्रदेश में सबसे अधिक 279 गौठान स्वावलंबी बने। इसके साथ ही गौठानों में अन्य आयमूलक गतिविधियों को मल्टीएक्टीविटी सेंटर के माध्यम से बढ़ावा दिया जा रहा है। जिसके चलते गौठान में कार्यरत महिला समूह अतिरिक्त आय सृजित कर रही है।

## दो माह में मुनगा प्रोसेसिंग यूनिट का शेड वर्क कर लिया जाएगा पूरा

**» मशीन खरीदी की प्रक्रिया भी हो चुकी है पूरी, शेड बनते ही शुरू किया जाएगा इंस्टालेशन**



**रायगढ़ ।** घरघोड़ा में निर्माणाधीन मुनगा प्रोसेसिंग यूनिट के बारे में जानकारी देते हुए सहायक संचालक उद्यान ने बताया कि मुनगा प्रोससिंग यूनिट निर्माण कार्य हेतु कार्यादेश जारी किया गया है। निर्माण कार्य में गुणवत्ता संबंधी मार्गदर्शन एवं सुपरविजन संचालनालय द्वारा नियुक्त कसंलटेंट छ.ग.इण्डस्ट्रियल एण्ड टेक्नीकल कंसलटेंसी सेंटर सिटकॉन रायपुर द्वारा किया जा रहा है। जिसके लिए नियुक्त साइट इंजीनियर एवं सीनियर इंजीनियर के द्वारा साईट रजिस्टर में निर्देश दिए जाते है तथा साथ ही कार्य का मूल्यांकन सिटकॉन द्वारा किया जाता है। कोविड-19 एवं वर्षाकाल के कारण कार्य पूर्णता की अवधि बढ़ानी पड़ी है। अगले दो माह में शेड निर्माण का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इसके लिए ठेकेदार को विशेष रूप से निर्देशित किया गया है। प्रोसेसिंग यूनिट के लिए मशीन खरीदी की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है। शेड निर्माण पूरा होते ही मशीन का इंस्टालेशन भी पूरा करा लिया जाएगा। कार्य कर रहे ठेकेदार को निर्माण कार्य स्थल पर श्रमिकों के सुरक्षा संबंधी प्रावधान किए जाने के संबंध में एवं निर्माण कार्य की गुणवत्ता हेतु भी निर्देश दिया गया है।

## बारातियों से भरी वैन ट्रक से टकराई, दूल्हा-दुल्हन घायल



**रायगढ़ (आरएनएस)।** जिले के सरिया थाना क्षेत्र में देर रात बारातियों से भरी एक वैन ट्रक से जा टकराई है। जिसमें दूल्हा-दुल्हन समेत 6 बराती घायल हो गए हैं। घटना सरिया थाना क्षेत्र के सूरजगढ़ पुल के पास हुई। सभी घायलों को उपचार के लिए पुसौर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जिसमें गंभीर रूप से घायलों को रायगढ़ मेकाहारा में भर्ती कराया गया हैं। हादसे में घायल पुसौर क्षेत्र के नवापारा गांव के हैं जो ओडीशा के कोसमडीह से विवाह के पश्चात पुसौर वापस लौट रहे थे।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुसौर नवापारा से एक बारात ओडिशा के कोसमडीह गई हुई थी वहां से वापस लौटते वक्त रात लगभग 10:30 बजे उक्त दुर्घटना हुई। जानकारी के मुताबिक वैन के ड्राइवर ने अपने आगे जा रहे ट्रक को पीछे से ठोकर मार दी । यह ठोकर इतनी जोरदार थी कि वैन का आधा भाग ट्रक के नीचे घुस गया। इस दुर्घटना में दुल्हा जितेन्द्र व दुल्हन बाबी सहित महिलाएं एवं बच्चे भी घायल हुए हैं। हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए और घायलों को वैन से निकाला।

## मसनियाकला से रेंगालपाली में स्वीकृत सड़क कार्य पूर्णता की ओर, रानीसागर में आरओबी एवं माण्ड नदी में मेजर ब्रीज कार्य भी हुआ पूर्ण

**रायगढ़ ।** सालों बाद भी अधूरे हैं हाईवे के संबंध में खबरें समाचार पत्र में प्रकाशित हुई थी। जिसके संबंध में लो.नि.वि.राष्ट्रीय राजमार्ग उपसंभाग, रायगढ़ के अनुविभागीय अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय नई दिल्ली के द्वारा दिनांक 10 मार्च 2016 को रा.रा.क्रमांक-200 में मसनियाकला से रेंगालपाली तक 71.047 कि.मी. सड़क में 4/2 लेन मार्ग का उन्नयन, चौड़ीकरण के साथ पेव्हड शोल्डर का कार्य एन.एच.डी.पी.योजना के अंतर्गत स्वीकृत है। स्वीकृत सड़क कार्य की लंबाई 60.452 कि.मी.में से पी.क्यू.सी.लंबाई 58.166 कि.मी.का कार्य एवं रानीसागर आरओबी 01 नग तथा माण्ड नदी पर मेजर ब्रीज का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। बस वे, टोल प्लाजा एवं फिनिशिंग कार्य प्रगति पर है। कार्य पूर्ण होने की संभावित तिथि 22 अप्रैल 2022 है। अमलीभौना से गढ़उमरिया (आर.आर.एनर्जी तक)सड़क के मध्य पर डिवाईडर में लगायी गयी स्ट्रीट लाईट में विद्युत प्रभावित का कार्य टोल प्लाजा प्रारंभ होने के बाद किया जाएगा।

भारत सरकार सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय नई दिल्ली के द्वारा 86 कि.मी.में 4/2 लेन मार्ग का उन्नयन, चौड़ीकरण के साथ पेव्हड शोल्डर का कार्य एन.एच.डी.पी.योजना के अंतर्गत स्वीकृत किया गया है। ईरा कंपनी के कार्य की धीमी गति के कारण भारत सरकार द्वारा जे.एस.ग्रोवर कंपनी को कार्य सबलेट किया गया। वर्तमान में जे.एस.ग्रोवर कंपनी द्वारा कार्य किया जा रहा है। स्वीकृत सड़क कार्य की लंबाई 81.00 कि.मी.में से सीसी रोड 45.490 कि.मी.एवं बी.सी.रोड 15.750 कि.मी.कुल लंबाई 61.24 कि.मी.का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष लंबाई 19.76 कि.मी.का कार्य प्रगति पर है, जिसमें महानदी एवं बोडेसरा नदी में वृहद पुल का कार्य निर्माणाधीन है।

छातामुड़ा चौक से पटेलपाली तक 4 लेन में डिवाइडर हेतु जगह छोड़ा गया है, जिसमें कर्व निर्माण शीघ्र पूर्ण करने हेतु ठेकेदार को निर्देशित किया गया है।

# क्रिकेट सट्टा की सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर दो मोबाइल, टीवी व 9 हजार रु. नगद जब्त की

**» दांव पर लगे 3 लाख से अधिक रूपयों की मिली जानकारी, आरोपी का बैंक खाता को काराया होल्ड**



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के निर्देशन पर शहर में कोतवाली थाना प्रभारी मनीष नागर के नेतृत्व में जुआ-सट्टा पर अभियान चलाया जा रहा है। थाना प्रभारी द्वारा स्टाफ को विभिन्न क्षेत्रों में लगाये संपर्क सूत्रों से जानकारी लेने लगाया गया है। इसी क्रम में आज दिनांक 28.01.2022 को टीआई मनीष नागर को उनके सूत्र द्वारा सूचना दिया गया कि शहर के पॉश इलाके गौरीशंकर मंदिर रोड पर रहने वाले प्रतीक अग्रवाल द्वारा बीग बैश लीग के क्रिकेट मैच सिडनी सिक्सर्स व पर्थ स्कॉर्चर्स के बीच ऑनलाइन मोबाइल पर सट्टा लिया जा रहा है। सूचना पर तत्काल टीआई नागर अपने टीम के साथ प्रतीक अग्रवाल के घर पर दबिश दिया गया, जहां सिडनी सिक्सर्स व पर्थ स्कॉर्चर्स के मैच के बीच प्रतीक अग्रवाल द्वारा मोबाइल पर सट्टा लगाने वालों से सट्टा नोट किया जा रहा था। मौके पर कोतवाली पुलिस द्वारा 2 मोबाइल, 1 एलईडी टीवी, एक पेन, एक कॉपी जिसमें सट्टा-पट्टी का विवरण लिखा है एवं सट्टा पट्टी में लगे रकम नगदी 9,000 को जप्त किया गया है। प्रतीक अग्रवाल के मोबाइल एवं बैंक खातों को चेक करने पर 19 खातों से करीब 3,22,000 के ऑनलाइन ट्रांजैक्शन की जानकारी मिली है। प्रतीक अग्रवाल के बैंक खाते को होल्ड कराया गया है। आरोपी प्रतीक अग्रवाल पिता महेश अग्रवाल उम्र 23 वर्ष निवासी गौरी शंकर मंदिर रोड रायगढ़ पर थाना कोतवाली 4(क) जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की की गई है।

कार्यवाही में निरीक्षक मनीष नागर, उपनिरीक्षक जीपी बंजारे, सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र पटेल, महिला आरक्षक समुद रनकर, आरक्षक विनोद शर्मा, उत्तम सारथी अजय साय, विपिन पटेल की सराहनीय भूमिका रही है।

## पुलिस ने चार आरोपियों को शराब बनाते रंगे हाथों पकड़ा, 60 लीटर महुआ शराब जब्त

**» छिंचपानी जंगल में अवैध शराब भट्टी पर शराब बनाए जाने की सूचना पर कनकबीरा पुलिस की रेड कार्रवाई**

**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन तथा एसडीओपी सारंगढ़ प्रभात पटेल के मार्गदर्शन पर क्षेत्र में लगातार अवैध शराब पर कार्रवाई की जा रही है। वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन पर चौकी प्रभारी कनकबीरा उप निरीक्षक एम.डी. जायसवाल द्वारा अवैध शराब पर कार्यवाही के लिये मुखबिर लगाकर सूचना ली जा रही है। इसी क्रम में कल दिनांक 28/01/2022 को चौकी प्रभारी के सक्रिय मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि कपरतुंगा बड़े, बरमकेला के लोगों द्वारा छिंचपानी जंगल पर अवैध शराब भट्टी पर महुआ शराब बनाया जा रहा है। सूचना पर चौकी प्रभारी कनकबीरा द्वारा अपने स्टाफ के साथ मुखबीर के बताए इलाके की घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया, जहां मौके पर शराब बनाते पुलिस टीम द्वारा चार आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ा गया है। पूछताछ में शराब बनाने वाले आरोपी अपना नाम (1) प्रेम कुमार यादव पिता नंद कन्हैया यादव उम्र 29 वर्ष (2) बाबूलाल यादव पिता जुगेश्वर यादव उम्र 40 वर्ष (3) समारू सिदार पिता पनबुडी सिदार उम्र 47 वर्ष (4) अमर सारथी पिता मंगल सारथी उम्र 30 वर्ष सभी निवासी ग्राम कपरतुंगा बड़े थाना बरमकेला जिला रायगढ़ बताए । आरोपियों से मौके पर तैयार कर 15-15 लीटर क्षमता वाले डिब्बे में कुल 60 लीटर महुआ शराब की जप्ती किया गया है। चारों आरोपियों पर चौकी कनकबीरा (थाना सारंगढ़) में धारा 34(2),59(क) आपकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को रिमांड पर भेजा गया जहां से आरोपियों को जेल वारंट पर जेल दाखिल किया गया है।

## आधा दर्जन से अधिक ट्रेनें दो दिन रद्द रहेगी




**रायपुर (आरएनएस)।** बिलासपुर मंडल के उसलापुर-घूटकू स्टेशनों के मध्य सीमित ऊंचाई के सबवे निर्माण कार्य के कारण कारण आधा दर्जन से अधिक ट्रेनें 02 दिन 29 एवं 30 जनवरी को रद्द रहेगी।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के उसलापुर-घूटकू स्टेशनों के मध्य किमी 729/19-21 में स्थित समपार संख्या बीके-06 लोखडी फाटक में 30 जनवरी को ब्लाक लेकर सीमित ऊंचाई सबवे निर्माण के पूर्व ढलित खण्डों को लांचिंग करने का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के फलस्वरूप आधा दर्जन से अधिक ट्रेनें रद्द रहेगी, जिनमें क्रमशः 30 जनवरी को बिलासपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 18257 बिलासपुर-चिरमिरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी, 29 जनवरी को चिरमिरी से चलने वाली गाड़ी संख्या 18258 चिरमिरी-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी, 30 जनवरी को बिलासपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 18234 बिलासपुर-इंदौर एक्सप्रेस रद्द रहेगी, 29 जनवरी को इंदौर से चलने वाली गाड़ी संख्या 18233 बिलासपुर-इंदौर एक्सप्रेस रद्द रहेगी, 29 जनवरी को बरौनी से चलने वाली गाड़ी संख्या 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस रद्द रहेगी तथा 30 जनवरी को गोंदिया से चलने वाली गाड़ी संख्या 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

इसी प्रकार 29 जनवरी को पुरी से चलने वाली गाड़ी संख्या 18477 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस 02 घंटे देरी से रवाना होगी।

# प्रदेश में 3919 नये कोरोना संक्रमित मिले, 11 की हुई मौत

**» रायपुर जिले में मिले सर्वाधिक 854 मरीज, 3 की हुई मौत**



**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेश में शुक्रवार को 5029 कोरोना संक्रमितों की पहचान हुई है वहीं 8 लोगों की मौत हुई है। साथ ही 5075 लोग डिस्चार्ज हुए। इधर रायपुर जिले में सर्वाधिक 854 लोग कोरोना संक्रमित पाए गए है। इस प्रकार अब प्रदेश में एक्टिव मरीजों की संख्या 26,123 हो गई है। प्रदेश में अब औसत पाजीटीविटी दर 8.24 प्रतिशत हो गई है।

स्वास्थ्य विभाग से जारी बुलेटिन के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश में 47 हजार 540 लोगों की कोरोना जांच हुई है जिसमें से 3919 कोरोना संक्रमित पाए गए है। इनमें रायपुर जिले में सबसे ज्यादा 854 संक्रमित मिले है। वहीं दुर्ग में 433,राजनांदगांव में 202, बालोद में 65, बेमेतरा में 97, कबीरधाम में 69, धमतरी में 108, बलौदाबाजार में 136 , महासमुंद में 77, गरियाबंद में 34, बिलासपुर में 223, रायगढ़ में 137, कोरबा में 130, जांजगीर चांपा में 152, मुंगेली में 33, गौरेला पेण्ड्रा मारवाही में 25, सरगुजा में 57, कोरिया में 67, सूरजपुर में 54, बलरामपुर में 44, जशपुर में 27, बस्तर में 321, कोण्डागांव में 182, दंतेवाड़ा में 24, सुकमा में 22, कांकेर में 263, नारायणपुर में 7 एवं बीजापुर में 76 मरीजों की पहचान हुई है। इस प्रकार अब प्रदेश में एक्टिव मरीजों की संख्या 26,123 हो गई है तथा पॉजिटीविटी रेट 8.24 प्रतिशत पहुंच चुका है। वहीं शुक्रवार को 11 लोगों की मौत हुई है। जिनमें दुर्ग, एवं रायपुर में 3-3, बेमेतरा, राजनांदगांव, बलौदाबाजार, गरियाबंद एवं कांकेर में 1-1 मौत हुई है।

## आश्रम छात्रावास और रेसिडेंशल स्कूल के 9 बच्चे कोरोना पॉजीटिव मिले

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले के भोपालपटनम ब्लाक में रेसिडेंशल स्कूल और आश्रम छात्रावास के 09 बच्चे कोरोना पॉजीटिव मिले हैं। मिली जानकारी के अनुसार भोपालपटनम ब्लाक के एकलव्य आश्रम शाला रुद्राराम में 04, पोटाकेबिन सांड्रापल्ली में 02, पोस्ट मेट्रिक भोपालपटनम में 02 और कस्तूरबा गांधी आश्रम में 01 छात्र कोरोना पॉजीटिव हो गए हैं। वहीं संगमपल्ली सीआरपीएफ कैंप में एक, चेरपल्ली सीआरपीएफ कैप में एक, आरटीपीसीआर टेस्ट में इंद्राकालोनी, नाकापारा, ओड़ागुडा तीमेड, पेंडललाम, तारुड व में एक-एक कोरोना संक्रमित की पुष्टि हुई है। खंड शिक्षा अधिकार कंडिक नारायण ने बताया कि जिन आश्रमों में कोरोना पॉजिटिव केस मिले हैं, उनको बंद किया जा रहा है, साथ ही संक्रमित बच्चों को क्वारेंटाइन भी किया जा रहा है।

## रायपुर जिले में 852 नये संक्रमित मरीज मिले, 3 की मौत

रायपुर जिले में कोरोना के आज 852 नये संक्रमित मरीजों की पहचान की गई है वहीं 3 मरीजों की मौत भी हुई है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में आज 5630 लोगों की कोरोना जांच की गई जिनमें 852 लोगों की रिपोर्ट पाजीटिव आई। वहीं आज पहले से संक्रमित 1593 मरीज स्वस्थ हुए हैं। जबकि तीन संक्रमित मरीजों की मौत हुई है। जिले में आज पाजीटिविटी रेट 15.13 प्रतिशत रहा। नये संक्रमित मरीजों एवं स्वस्थ हुए मरीजों की संख्या के बाद जिले में सक्रिय मरीजों की संख्या 7042 है। इधर दुर्ग जिले में आज 2234 लोगों की कोरोना जांच की गई जिनमें 421 लोग संक्रमित पाये गये।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480